# नगर आयुक्त को कुम्भ कार्यों के निरीक्षण में मिली कई खामियां, लगाया जुर्माना

प्रयागराज

**नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग ने शनिवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे कुम्भ के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नालियों के निर्माण पर रोष जताते हुए अधिशाषी अभियन्ता तथा अवर अभियन्ता को कड़ी फटकार लगाई एवं निर्देशित किया कि सम्बन्धित ठेकेदार-फर्म के विरूद्ध 2 लाख रुपये का जुर्माना किया जाए।**



कार्यों के अंतर्गत सलोरी में ईश्वर शरण पुलिस चौकी पीएनबी तिराहे से पानी टंकी, बहादुर चाय की दुकान होते हुए भुलई का पुरवा में हरिशचन्द्र शुक्ला के मकान तक व गीतांजली हार्डवेयर से मनोज टेण्ट हाउस होते हुए काली माई की मन्दिर से स्वराज नगर बड़ा पार्क होते हुए अपट्रान चौराहे तक निर्माण कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान नालियों का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं पाया गया जिस पर नगर आयुक्त ने रोष व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियन्ता को निर्देशित किया कि सम्बन्धित ठेकेदार-फर्म मेसर्स वाई.पी कंस्ट्रक्शन प्रोपराइटर यतेन्द्र पाण्डेय के विरूद्ध 2 लाख रुपये का जुर्माना किया जाए। साथ ही निर्माण कार्यो में लाए जाने मटेरियल की सैम्पलिंग कराया जाए। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्यो को ध्वस्त करते हुए पुनः निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये। उक्त कार्य हेतु सम्बन्धित अवर अभियन्ता को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि इस तरह की लापरवाही की पुनरावृत्ति न की जाए। कटरा में घोष स्वीट हाउस से शुक्ला मार्केट ईश्वर शरण डिग्री कालेज पहलवान बाबा मजार होते हुए सदियाबाद रोड तिराहा एम0ई0एस0 क्वार्टर तक सड़क सुदृढीकरण एवं पटरी नाली निर्माण का कार्य भी काफी धीमी रफ्तार में पाया। इस निर्माण कार्यो में भी नगर आयुक्त द्वारा ने निर्देशित किया कि मानक के विपरीत निर्माण कार्यो को ध्वस्त कर पुनः नालियों का निर्माण कराया जाये। साथ ही सम्बन्धित ठेकेदार को चेतावनी दी गयी कि यदि अपने कार्यो में सुधार नही लाया तो इनके विरूद्ध भी जुर्माने की कार्यवाही अमल में लायी जाये। सम्बन्धित अवर अभियन्ता को चेतावनी पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये। बालसन चौराहा पेट्रोल पम्प के पास कर्नलगंज इण्टर कालेज कुन्दन गेस्ट हाउस, अल्लापुर पुलिस चौकी, लेबर चौराहा, बजरंग चौराहा होते हुए अलोपी मन्दिर तक सड़क नाली सुधार कार्य में निरीक्षण के दौरान बताया गया कि लोगो ने रैम्प का निर्माण करा रखा है। जिससे कार्य कराये जाने मे काफी कठिनाईयों का समाना करना पड़ रहा है।

साथ नालियों के निर्माण में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त (बी) को निर्देशित किया कि तत्काल सभी भवनों पर रेड मार्क लगाते हुए सम्बन्धित भवन स्वामियों को नोटिस भेजा जाए।

## जनपद के मऊआइमा एवं लालगोपालगंज में निकली 'संकल्प यात्रा'

**प्रयागराज।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार और नगर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आज 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत नगर पंचायत मऊआइमा के नाटी उंगली तथा लालगोपालगंज में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर संकल्प दिलाया गया। लालगोपालगंज में मुख्य अतिथि विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने कहा कि लाभ और लाभार्थी के बीच को दूरी कम करने में यह मोदी सरकार की गारंटी वैन लाभकारी साबित हो रही है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि सभी लोग 18002090920 पर मिस्ड कॉल देकर अपने मोबाइल पर नमो ऐप अवश्य इंस्टॉल करें। उन्होंने उपस्थित लोगों को विकसित भारत से सम्बंधित संकल्प दिलाया। अपर जिलाधिकारी प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय प्रयागराज जगदम्बा सिंह ने कहा कि यहां उपस्थित सभी पात्र व्यक्ति लगाए गए । स्टॉल पर अपना पंजीकरण कराकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# वैज्ञानिक मानसिकता विकसित करें छात्र-छात्राएं : प्रो. वानरे

कानपुर

**छात्रों से जिज्ञासा की भावना पैदा करने, प्रश्न पूछने में सक्रिय रूप से भाग लेने और वैज्ञानिक मानसिकता विकसित करने का आग्रह किया।**

यह जानकारी शनिवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के भौतिकी विभाग द्वारा आयोजित एक भौतिकी आउटरीच व्याख्यान के उद्घाटन को संबोधित करते हुए भौतिकी विभाग के प्रमुख प्रो. हर्षवर्धन वानरे ने कही। उन्होंने कहा कि उनके इस समर्पण ने जिज्ञासु दिमागों के पोषण के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को उजागर किया। जिसका उद्देश्य विविध दर्शकों के लिए उन्नत भौतिक अवधारणाओं को संप्रेषित करना है। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता आईआईटी कानपुर में ऑप्टो-स्पिंट्रोनिक्स प्रयोगशाला के प्रमुख प्रोफेसर रोहित मेडवाल ने इलेक्ट्रॉन स्पिन की अवधारणा, इलेक्ट्रॉनों की एक मौलिक संपत्ति, और कुशल मेमोरी उपकरणों को विकसित करने के लिए इसका उपयोग करने के तरीकों के बारे में बताया।

फिजिक्स आउटरीच टीम ने आयोजित यह पहल, समुदाय और वॉलिंटियर्स को सरकार के ज्ञान साझा करने के उद्देश्य से सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल से सीधे जुड़ने की सुविधा प्रदान करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए विद्यांजलि (एक स्कूल स्वयंसेवी कार्यक्रम) के हिस्से के रूप में आयोजित की गई थी । इलेक्ट्रॉन स्पिन- अ न्यू वे टू डिवेलप इफिशन्ट डिवाइसस् शीर्षक वाले व्याख्यान में पद्मश्री और आईआईटी कानपुर के पूर्व प्रोफेसर एच. सी. वर्मा, आईआईटी कानपुर के विभिन्न विभागों के प्रोफेसर और केंद्रीय विद्यालय, आईआईटी कानपुर के शिक्षक एवं आईआईटी कानपुर के केंद्रीय विद्यालय, शिक्षा सोपान और कानपुर विश्वविद्यालय के छात्र उपस्थित थे। आकर्षक प्रस्तुति ने न केवल प्रिंट्रोनिक्स के अत्याधुनिक क्षेत्र पर प्रकाश डाला, बल्कि स्कूली छात्रों के लिए विज्ञान और भौतिकी के चमत्कारों को अपनाने के लिए एक शक्तिशाली प्रेरक के रूप में भी काम किया। तकनीकी विशेषज्ञता और शिक्षा के प्रति जुनून के आकर्षक मिश्रण के साथ, प्रोफेसर रोहित मेडवाल ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के भविष्य को आकार देने में स्पिनट्रॉनिक्स के नए क्षेत्र की क्षमता पर प्रकाश डाला। एक इंटरैक्टिव व्याख्यान में, प्रोफेसर रोहित मेडवाल ने ऑप्टो-स्पिंट्रोनिक्स टीम के सदस्यों की मदद से प्रिंट्रोनिक्स में अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं का प्रदर्शन करते हुए छात्रों को प्रयोगशाला दौरे पर ले गए।

# मुरादाबाद में 535 बूथों पर 9300 लोगों ने सुनीं प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात'

मुरादाबाद

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 108वां संस्करण रविवार को नगर व देहात मिलाकर 535 बूथों पर लगभग 9300 लोगों ने सुना। कार्यक्रम के बाद सभी बूथों पर सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

मुरादाबाद नगर विधानसभा से नगर विधायक रितेश गुप्ता ने लाइनपार नगर मंडल में बूथ संख्या 339 पर 'मन की बात' कार्यक्रम सुना। क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने बूथ 221 पर, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा 316, महापौर विनोद अग्रवाल 169, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त 473, एमएलसी गोपाल अंजान 179, लोकसभा संयोजक डॉ. विशेष गुप्ता 478, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी केके मिश्रा 234, वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश वर्मा 31, साध्वी गीता प्रधान 457, पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा 184 अल्पना रितेश गुप्ता 172, प्रिया अग्रवाल 171, मनोज गुप्ता 278, पार्षद दल उपनेता सुरेंद्र बिश्नोई 238, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित्त 239, बूथ संख्या 176 पर महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, पंकज शर्मा, अनुज शर्मा ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

इसके अलावा नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष डॉ. गौरव श्रीवास्तव, महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा, कमल गुलाटी, दिनेश शीर्षवाल, नत्थूराम कश्यप, निमित्त, राजीव गुप्ता, नवदीप टंडन, गिरीश भंडूला, हेमराज सैनी, दिनेश सिसोदिया, राहुल शर्मा, विशाल त्यागी, चंद्र प्रजापति, अजय वर्मा, शमी भटनागर, सुनीता शर्मा, शशि किरण, हरीश जाटव, सर्वेश पटेल, नितिन सोनी, सोनू शर्मा, गेत्रपाल सिंह समेत अन्य ने मन की बात कार्यक्रम सुना।

## 'श्री अन्न' के सेवन से कई गम्भीर बीमारी से बचाव सम्भव : प्रो. तोमर

**प्रयागराज।** विश्व आयुर्वेद मिशन की ओर से शनिवार को गोविंद वल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान में गठिया बचाव एवं उपचार में 'श्री अन्न का महत्व' पर संगोष्ठी के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। विश्व आयुर्वेद मिशन अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) जी.एस तोमर ने बताया कि 'श्री अन्न' के सेवन से कई गम्भीर बीमारी से बचाव सम्भव है। इनमे कैल्शियम, आयरन एवं अन्य पोषक तत्व गेंहू और चावल से कई गुना अधिक हैं। प्रो.(डा.) तोमर ने बताया कि श्री अन्न ज्वार बाजरा, रागी, साँवा, कोदो के सेवन से गठिया, बीपी, शुगर, कैंसर, कोलाईटिस जैसी गम्भीर बीमारी से बचाव सम्भव है। इनमे अधिक फाइबर युक्त एवं कम ग्लाईसिमिक इंडेक्स वाले ये अनाज पाचन सही रखते हैं, साथ ही मधुमेह से बचाते हैं। प्रतापगढ़ के चिकित्साधिकारी डॉ अवनीश पाण्डेय ने बताया कि मिलेट्स स्वास्थ्य के साथ जलवायु एवं किसानों के लिए आर्थिक रूप से उपयोगी हैं।

# गांव की समस्याओं का गांव में हो समाधान : राजेन्द्र मौर्य

प्रतापगढ़

**ग्राम चौपाल गांव की समस्या गांव का समाधान के एक वर्ष पूर्ण होने पर तुलसीसदन हादीहाल में समारोह मेला का आयोजन शनिवार को किया गया। तुलसीसदन परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादकों की प्रदर्शनी लगायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने किया। तुलसीसदन में लगायी गयी विभिन्न समूहों की प्रदर्शनी का अवलोकन उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया।**




विधायक सदर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान गांव में ही करने के मकसद से ग्राम स्वराज की अवधारणा पर आधारित ग्राम चौपाल अभियान शुरू किया, इस मुहिम के तहत गांवों में ग्राम चौपाल का आयोजन कर गांव की समस्याओं का समाधान गांव में ही करने की पहल को कारगर बनाया है। गांव की समस्याओं का समाधान यदि गांव में ही कर दिया जाये तो किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना लोगों को नही करना पड़ेगा। ग्राम चौपाल अभियान के माध्यम से गांव की समस्यायें गांव में ही दूर किया जा रहा है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार समूह की दीदियों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु विभिन्न प्रकार की योजनाओं से उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोवंशों की वजह से जो दिक्कतों का सामना किसानां को करना पड़ रहा है उसको अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर उसका निस्तारण किया जायेगा, सेवा और संगठन के माध्यम से समस्याओं का निदान किया जायेगा। पशुपालन विभाग द्वारा गोवंशों हेतु विभिन्न प्रकार की योजनायें संचालित की जा रही और सभी के सहयोग से जल्द ही गोवंशों की समस्याओं का निदान किया जा सकेगा।

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि ग्राम चौपाल अभियान के दौरान यह देखा गया कि यदि लोगों की समस्याओं का समाधान गांव में ही कर दिया जाये तो लोगों को ब्लाक, तहसील एवं जिला स्तर का चक्कर नही लगाना पड़ेगा। ग्राम चौपाल का मतलब यही है कि सामूहिक निर्णय लिया जाये और उस पर विचार किया जाये और उसमें जो सहयोग होगा उसमें अधिकारीगण द्वारा किया जायेगा। सरकार द्वारा जो भी योजनायें संचालित की जाती है उसमें जो भ्रष्टाचार की शिकायतें होती है उन शिकायतों को भी यदि ग्राम चौपाल के माध्यम से दूर कर दिया जाये तो शिकायतों में काफी कमी आ जायेगी। उन्होंने कहा कि गांव में समृद्धि तभी आयेगी जब गांव में लड़ाई-झगड़े कम हो, जनपद में जमीन को लेकर बड़ी समस्यायें आती है और झगड़े होते है, लड़ने-झगड़ने का कोई औचित्य नही है यदि लड़ते-झगड़ते रहेगे तो परिवार आगे कभी नहीं बढ़ेगा। ग्राम प्रधान गांवों में होने वाले लड़ाई झगड़े को सुलझाने में सहयोग प्रदान करें।

## आपका राशिफल 01 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-3-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। स्वास्थ्य नरम होगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): व्यापार में वृद्धि होगी। यश प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-6-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-1-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें। शुभांक-4-7-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। एकाकी वृत्ति त्यागें। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। धार्मिक यात्रा का योग। शुभांक 4 7 9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-1-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-5-7

# मुख्यमंत्री मोहन यादव खंडवा के दो दिवसीय दौरे के दौरान पहुंचे ओंकारेश्वर

ओंकारेश्वर (नि प्र)।

**मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खंडवा जिले की मांधाता विधानसभा 175 के दो दिवसीय दौरे के दौरान ओंकारेश्वर पहुंचे। ओंकारेश्वर हेलीपैड पर क्षेत्रीय विधायक नारायण पटेल ने उनका स्वागत किया।**

संभागायुक्त इंदौर मालसिंह, एडीजी राकेश कुमार गुप्ता, आईजी चंद्रशेखर सोलंकी, कलेक्टर खंडवा अनूप कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र सिंह ने उनकी अगवानी की। मुख्यमंत्री ने हेलीपैड पर क्षेत्रीय नागरिकों से भी मुलाकात की।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ओंकारेश्वर जोड़ गणपति हनुमान मंदिर के आश्रम में महंत श्री मंगलदास त्यागी से मुलाकात करने पहुंचे।



रात्रि में भगवान ओंकारेश्वर ममलेश्वर एवं मां नर्मदा का पूजन भी किया और 108 फीट की भगवान आदि गुरु शंकराचार्य जी की मूर्ति एवं एकात्म धाम का निरीक्षण एवं दर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सैलानी टापू के लिए रवाना हुए। उन्होंने रात्रि विश्राम सैलानी टापू में ही किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज खरगोन में

संभाग के खरगोन जिले में 1 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का दौरा कार्यक्रम प्रस्तावित है। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी जरूरी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा एवं एसपी धर्मवीर सिंह ने कार्यक्रम की व्यवस्था का जायजा लेते हुए सभी जरूरी तैयारियां को अंतिम रूप दिया।

**यह होगा कार्यक्रम:** मेलडेरेश्वर के हेलीपैड पर उतरने के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का खुले वाहन में जन आभार यात्रा में 40 मंचों पर विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के द्वारा स्वागत किया जाएगा। उक्त आभार यात्रा गेट नंबर 1 के रास्ते नवग्रह मेला मैदान पर आयोजित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत एवं अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास एवं जनसभा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे और उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करेंगे। जनसभा के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव कलेक्टर कार्यालय में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में सम्मिलित होंगे। जहां सर्वप्रथम कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों के संबंध में संभाग के समस्त वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे।

**मंत्री विजय शाह ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा:** जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास केबिनेट मंत्री विजय शाह भी 31 दिसंबर को खरगोन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने हैलीपेड, कार्यक्रम स्थल का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बड़वाह विधायक सचिन बिरला, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि व कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, एसडीएम भास्कर गाचले के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## योगी ने दी प्रदेशवासियों को नववर्ष की बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नववर्ष के अवसर पर प्रदेशवासियों को रविवार को हार्दिक बधाई दी।मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की है। संदेश में मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश को समृद्धि एवं विकास के रास्ते पर ले जाने के राज्य सरकार के प्रयासों को नये वर्ष में और गति मिलेगी। प्रदेश की प्रगति के लिए अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जिनसे प्रदेश की जनता का जीवन स्तर निरन्तर बेहतर हो रहा है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए गम्भीरता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यो के परिणामस्वरूप आज प्रदेश एक नई पहचान के साथ देश के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यां का लाभ गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला सहित समाज के हर वर्ग को प्राप्त हो रहा है।

## ट्रेन की बोगी लेकर जा रही ट्रक का हुआ एक्सीडेंट, कोई हताहत नहीं

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर रेलवे स्टेशन के निकट ट्रेन की एक बोगी को ट्रक की ट्राली पर लादकर स्टेशन की ओर ले जाने के दौरान दुर्घटना हो गई। ट्रक के अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकरा जाने से ट्रेन बोगी सड़क पर गिर गई। मालदा रेल मंडल के डीआरएम विकास चौबे ने बताया कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि रेलवे परिसर में एक रेस्तरां बनने जा रहा है जिसका काम एक एजेंसी को दिया गया है। उक्त एजेंसी के द्वारा बोगी को एक ट्रक ट्राली पर लाद कर लाया जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया। चौबे ने बताया कि यह एक सड़क हादसा है, फिर भी रेलवे द्वारा हर संभव सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। रेलवे यार्ड में रखी उक्त बोगी से रेस्तरां निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी।

## 10 हिस्ट्रीशीटर अपराध से तौबा करते हुए शपथपत्र लेकर पहुंचे थाने, थानेदार ने सभी को भेजा घर

जौनपुर।

उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बरसठी थाने के दस हिस्ट्रीशीटर अपराधियों ने अपराध जगत से पूरी तरह से तौबा कर ली है। हाथ में कभी गुंडागर्दी न करने की तख्तियां लेकर शपथपत्र भी पुलिस को सौंपा है।

सूबे में अपराधियों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कड़ी सख्ती का असर अपराधियों पर साफ दिखायी देने लगा है। इसी क्रम में जौनपुर के दस हिस्ट्रीशीटर अपराध से पूरी तरह से किनारा करते हुए फिर कभी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त न होने की कसम खाते हुए थाने पहुंचे हैं। शनिवार को सभी हिस्ट्रीशीटर एक साथ हाथ में गुण्डागर्दी न करने के लिखी तख्तियां लेकर थाने पहुंचकर लिखित शपथ पत्र भी दिया। थानेदार ने अपराधियों के बातों से संतुष्ट होकर सभी को घर वापस भेज दिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सूबे में योगी सरकार बनने के बाद से ही पुलिस अपराधियों पर कहर बरसा रही है। आये दिन बदमाश पुलिस की गोलियों के शिकार होकर दिव्यांग हो रहे है। बरसठी थानाध्यक्ष गोविन्द देव मिश्रा ने थाने के हिस्ट्रीशीटरों को पुलिस अधीक्षक डॉ अजयपाल शर्मा द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के बारे में जानकारी दिया। एसपी की मंशा को जानकर थाने आकर दस हिस्ट्रीशीटरो ने अपराध जगत से नाता तोड़ने में ही भलाई समझा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील कोलार भोपाल**

क्रमांक /अ-6/2023-24

आर.एस. 444/0760/14556/2023

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में आवेदक सीमा चौहान पत्नी रामप्रकाश चौहान निवासी कोलार रोड भोपाल के द्वारा ग्राम बैरागढ़ चिचली खसरा क्रमांक 220/2 क्षेत्रफल 951 वर्गफुट के अंश भाग का पंजीकृत विक्रय पत्र/फौती नामांतरण के आधार पर नामांतरण किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के पश्चात आगामी पेशी दिनांक 7.1.2024 तक न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.12.2023 को जारी किया गया।

3899

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील कोलार, जिला भोपाल**

**कार्या. मध्य रेलवे कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण संस्था मर्यादित, भोपाल**
**पंजी.क्र/डी.आर.बी./268 दि. 30.09.1981**
क्र./2023/कार्या./संख्या/अध्यक्ष/2023-24
दिनांक 31/12/2023

**निविदा आमंत्रण**

संस्था मध्य रेलवे कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण संस्था मर्यादित भोपाल के अधिपत्य की कॉलोनी स्थित 12 नं. बस स्टॉप जिसमें निम्न कार्य पूर्ण होंगे- 1. सी.सी. रोड का कार्य एवं मरम्मत का कार्य । 4 इंच से 10 इंच तक की मोटाई में कॉक्रींट किया जाना है जिसमें 4 इंच का बेस भी डालना होगा। कांक्रीट मिक्सर मशीन के द्वारा बनाना होगा एवं प्लेट वाइब्रेटर भी चलाना होगा। 2. सी.सी. रोड की दोनों साइड में पेंच वर्क का कार्य भी करना होगा। 3. संस्था में विभिन्न स्थानों पर सीवर लाईन का कार्य एवं चेम्बरों का कार्य सीवर लाईन दो से तीन फिट तक की गहराई में डालना होगा। पाईप को चारों तरफ से गिट्टी से ढकना होगा। उपरोक्त अनुसार समस्त कार्य लेवर दर पर कराया जाना प्रस्तावित है। संबंधित निविदाकार कार्यालयीन समय एवं दिवसों में निविदा प्रकाशन दिनांक से 03 दिवस में यानी दिनांक 04/01/24 तक मौके का मुआयना संस्था अध्यक्ष की उपस्थिति में कर सकते हैं। निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08/01/24 को दोपहर 3.00 बजे तक संस्था कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। इसके पश्चात प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। डाक से प्राप्त निविदा मान्य नहीं की जावेगी, दिनांक 08/01/24 को दोपहर 4.00 बजे निविदाकारों अथवा उनके द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी। सम्पूर्ण कार्य एक निविदाकार अथवा अन्य निविदाकारों से पूर्ण कराने हेतु संचालक मण्डल स्वतंत्र होगा। प्राप्त निविदा को स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार संस्था अध्यक्ष के पास सुरक्षित है। संस्था के रिक्त प्लॉट धारकों को सूचित किया जाता है कि खाली प्लॉटों पर गंदगी फैल रही है एवं जिस कारण नगर निगम समय-समय पर संस्था को सूचित किया जा रहा है। इसी कारण प्रकाशन दिनांक के 07 दिवस के भीतर अपने खाली प्लॉटों पर बाउण्ड्री वाल बनवाने का कार्य चालू करें अन्यथा संस्था उन प्लाटों पर बाउण्ड्री वाल बनवाकर प्लॉट धारकों से किये गये भुगतान की वसूली करेगी। संस्था में दुकानें हॉल छत उपलब्ध हैं, जो भी व्यक्ति दुकानें, हॉल व छत खरीदने के इच्छुक हों वह दिनांक 8/1/24 तक संस्था अध्यक्ष से संपर्क स्थापित करें। अन्यथा प्रकाशन अवधि समाप्ति के अगले 07 दिवसीय के उपरान्त संस्था उक्त दुकानें हॉल व छत को सदस्यों के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों को विक्रय करने के लिए स्वतंत्र होगी।

**अभिषेक पुरोहित, अध्यक्ष**
**मध्य रेलवे कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण संस्था मर्यादित भोपाल, कार्यालयीन पता- ई-8/1, रेलवे हाउसिंग सोसायटी. 12 नं., बस स्टॉप भोपाल -39**
**मो.नं.- 7999849293**